Dr. Kumari Kiran
Department of Home Science
AL-Hafeez College Ara.
B. A Part III VIII Paper (Family Relationship).

Discuss the difference between the joint and Nuclear families.

संयुक्त तथा केन्द्रीय (एकल) परिवार मे अन्तर

संयुक्त परिवार एवं केन्द्रीय परिवार, परिवार के प्रमुख प्रकार है। इन दोनो प्रकार के परिवारों की प्रकृति को अच्छी तरह से समझने के लिए उसके संगठन, आकार, परिवार का उद्देश्य तथा आपसी संबंधों के आधार पर इसकी भिन्नता को जान लेना आवश्यक है।

संयुक्त परिवार (Joint Family)	एकाकी परिवार (Nuclear Family)
(i) संयुक्त परिवार व्यवस्था आकार के दृष्टिकोण से एक बृहत व्यवस्था है। यहाँ कई पीढ़ी के सदस्य एक साथ एक ही घर मे रहते है तथा तथा स्वयं को एक संयुक्त इकाई के रूप मे मान्यता देते है।	(i) एकाकी परिवार आकार की दृष्टिकोण से एक सीमित व्यवस्था है, जिसमे पति- पत्नी एवं उसके अविवाहित बच्चे शामिल रहते है। ऐसे परिवार मे सदस्यों की संख्या चार पाँच से अधिक नही होती है।
(ii) संयुक्त परिवार मे महिलाओं की स्थिति निम्न होती है। उनका अपना कोई अस्तित्व नही होता है। वे प्रायः दूसरे के आधीन रहती है।	(ii) एकाकी परिवार मे महिला की स्थिति अच्छी रहती है। वो एक मित्र सहयोगिनी के रूप मे होती है।
(iii) संयुक्त परिवार मे एक मुखिया होता है जो परिवार का नियंत्रण करने वाला होता है।	(iii) एकाकी परिवार मे प्रायः पति-पत्नी का स्थान समानता पर आधारित होता है। यहाँ बड़े बच्चों से भी राय ली जाती है।

(iv) संयुक्त परिवार में सदस्यों का दायित्व असीमित होता है। प्रत्येक सदस्य अपने सदस्यों की भलाई के लिए सचेष्ट रहता है। कर्तव्य पूर्ति की सीमा नहीं रहती है।	(iv) एकाकी परिवार में सदस्यों की संख्या कम होने के कारण दायित्व भी कम रहता है। बच्चों के विवाह के बाद उसका बोझ माँ - बाप पर नहीं रहता है।
(v) संयुक्त परिवार में सभी प्रकार की आय एक साथ जमा की जाती है। कोई भी सदस्य परिवार की संपत्ति में से अपना हिस्सा अलग नहीं कर सकता है।	(v) एकाकी परिवार में संपत्ति का रूप व्यक्तिगत होता है। व्यक्ति उसे किसी प्रकार व्यय या बचत कर सकता है। कानूनी रूप से भी अर्जित संपत्ति का उपयोग वह अपने ढंग से कर सकता है।
(vi) संयुक्त परिवार में विभिन्न पीढ़ी एवं अलग - अलग विचारों के लोग रहते हैं। आपसी विचारों में सामंजस्य नहीं होने के कारण पारस्परिक द्वेष, कलह, तनाव, अशान्ति, संघर्ष आदि होते रहते हैं।	(vi) छोटा परिवार होने के कारण पारस्परिक स्नेह, प्रेम की भावना ज्यादा रहती है। अपने विचारों एवं अनुभवों के द्वारा वे लोग एक - दूसरे की सहायता करते हैं।
(vii) सामाजिक दायित्व के दृष्टिकोण से संयुक्त परिवार एक निष्क्रिय संस्था है। ऐसे परिवारों में अकर्मण्यता की प्रधानता रहती है। कारण उसकी सभी आवश्यकताएँ पूरी होती जाती हैं, अतः अधिक लोग श्रम के प्रति उदासीन रहते हैं।	(vii) एकाकी परिवार के सदस्य उसकी घर से बँधे न रहकर परिवर्तनशील रहते हैं। प्रायः जन्म लेने एवं जन्म देने का परिवार तथा स्थान एक - दूसरे से अलग रहता है।
(viii) संयुक्त परिवार का सदस्य जीवन भर उन्हीं सदस्यों के साथ घर में बँधा रहता है। उसी परिवार में जन्म लेता है, विवाह के बाद उन्हीं लोगों के मध्य रह कर बच्चों की परवरिश करते हैं।	(viii) एकाकी परिवार के सदस्य उसकी घर से बँधे न रहकर परिवर्तनशील रहते हैं। प्रायः जन्म लेने एवं जन्म देने का परिवार तथा स्थान एक दूसरे से अलग रहता है।

Scanned with CamScanner

(ix) संयुक्त परिवार ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भारत में एक अत्यधिक प्राचीन संस्था मानी जाती है।	(ix) एकाकी परिवार औद्योगीकरण तथा नगरीकरण और फैशन की देन है।
(x) संयुक्त परिवार पैतृक स्थान पर एक साथ रहते है इस स्थान से वे लोग धार्मिक एवं भावनात्मक रूप से जुड़े रहते हैं। स्थान बदलाव के प्रति उदासीन रहते हैं। ऐसे परिवार स्थायी प्रकृति के होते हैं-	(x) एकाकी परिवार में स्थानीय गतिशीलता सरल होती है। परिवार छोटा होने के कारण स्थान परिवर्तन में परेशानी नहीं होती है। जहाँ नौकरी अच्छी मिली। वहीं पूरे परिवार के साथ जाया जा सकता है।
(xi) संयुक्त परिवार की व्यवस्था इस प्रकार की होती है कि प्रत्येक सदस्य सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दृष्टिकोण से अपने आप को सुरक्षित अनुभव करता है। किसी प्रकार बीमारी, दुर्घटना के समय परिवार के अन्य लोगों से सहायता मिलती है।	(xi) एकाकी परिवार में व्यक्ति को स्वयं अपनी शक्ति तथा साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। किसी प्रकार दुर्घटना, बीमारी के वक्त व्यक्ति असहाय हो जाता है। ऐसे में वह अपने मित्रो अन्य सामाजिक संस्थाओं की शरण में जाता है।
(xii) संयुक्त परिवार को सामाजिक कुरीतियों कुप्रथाओं एवं रूढ़ियों का केन्द्र माना जाता है। बाल-विवाह, विधवा विवाह निषेध आदि संयुक्त परिवार की ही देन है।	(xii) एकाकी परिवार का वातावरण उदार प्रगतिशील तथा कुप्रथाओं से दूर एवं आधुनिकता से परिपूर्ण होता है।

Scanned with CamScanner